


नवभारत
भोपाल, बुधवार 20 मई 2026


# कलेक्टर ने अधिकारी को किसान बनाकर कराई जांच

**किसानों से अवैध वसूली पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई**



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 19 मई. जिले में गेहूं उपार्जन केंद्र पर किसानों से अवैध वसूली की शिकायतों पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सख्त रुख अपनाते हुए अनोखी कार्रवाई की. शिकायतों की सत्यता जांचने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को किसान के वेश में भेजकर गोपनीय निरीक्षण कराया गया. जिसमें अनियमितताओं की पुष्टि होने पर दो लोगों के खिलाफ इटारसी थाने में केस दर्ज कराया है.**

क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन द्वारा कलेक्टर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि बालाजी वेयरहाउस स्थित उपार्जन केंद्र पर समिति प्रबंधक द्वारा एफएक्यू गेहूं मान्य करने के एवज में किसानों से अवैध राशि की मांग की जा रही है. शिकायतों की सत्यता परखने के लिए कलेक्टर ने अनूठा रास्ता निकालते हुए सिटी मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम को किसान के वेश में मौके पर पहुंचकर जांच करने के निर्देश दिए. निर्देशों के पालन में सिटी मजिस्ट्रेट ने किसान बनकर बालाजी वेयरहाउस पहुंचकर उपार्जन केंद्र की कार्यप्रणाली एवं एफएक्यू प्रक्रिया का प्रत्यक्ष परीक्षण किया. मौके पर गेहूं के नमूनों का दृश्य परीक्षण एवं तुलनात्मक निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि सर्वेयर द्वारा भेदभावपूर्ण तरीके से एफएक्यू घोषित करने में अनियमितता बरती जा रही थी. जांच के दौरान संबंधित सर्वेयर एवं समिति प्रबंधक द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास भी किया गया. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है. साथ ही संबंधित संस्था एवं दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई भी की जा रही है.

### किसान हित सर्वोपरि है : कलेक्टर

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने स्पष्ट कहा है कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही, भ्रष्टाचार अथवा अवैध वसूली को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी.

# विद्यार्थियों की दी कानून की जानकारी

**सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य कैंपेन के तहत विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन**



**नवभारत न्यूज**
**हरदा 19 मई. म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविंद रघुवंशी के निर्देशन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रशेखर राठौर के मार्गदर्शन में मंगलवार को स्पार्कल भोपाल एकेडमी, हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया.**

शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने छात्र-छात्राओं को नालसा व सालसा की चल रही विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं जैसे बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015, नालसा लैंगिक हमलों व अन्य अपराधों की पीड़िताओं सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना 2018, की जानकारी दी. साथ ही उन्होने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, पॉक्सो एक्ट-2012, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अधिनियम, 1989 के बारे में अवगत कराया. डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अनीस मोहम्मद खान ने बताया कि विधिक साक्षरता शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाना, शिक्षा को बढ़ावा देना और बाल यौन शोषण बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में लोगों को जागरूक करना है. नालसा टोल फ्री हेलपलाईन नंबर 15100 पर कॉल कर विधिक सहायता आसानी से प्राप्त कर सकते है. कानूनी मामलों में विविध सलाह एवं परामर्श विधिक परामर्श केन्द्र से नि:शुल्क है. शिविर में शिक्षक सुरेन्द्र मालवीय छात्र/छात्राएं एवं पैरालीगल वॉलेंटियर ज्योति राजपूत व शैफाली घाबरी उपस्थित रहे.

**एक नजर में**

### संपर्क अभियान के लिए समन्वयक नियुक्त

**हरदा, 19 मई.** आमजन को पहले सेवा और अनुशासन के संकल्प को साकार करने हेतु विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जिले में वर्ष भर संपर्क अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने अभियान के सफल संचालन एवं जिला प्रशासन व विद्युत कंपनी के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु उप महाप्रबन्धक संजय यादव को समन्वयक नियुक्त किया है. कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायकों को निर्देशित किया है कि विद्युत विभाग द्वारा निर्धारित रोस्टर अनुसार क्लस्टर शिविरों में आवश्यकतानुसार उपस्थित रहें. उपभोक्ताओं को बकाया राशि भुगतान हेतु प्रेरित करें एवं स्थल पर ही शिकायतों के निराकरण में सहयोग करें. शहरी क्षेत्र में संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी सघन बस्तियों में शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगे ताकि राजस्व वसूली के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके. .

### जमीन दंबगों के नाम करने के मामले में कार्रवाई नहीं

**हरदा, 19 मई.** हंडिया तहसील में आदिवासियों की जमीन फर्जी तरीके से दबंग किसानों के नाम किए जाने के मामले में दो साल बीत जाने के बाद भी दोषी पटवारियों और कर्मचारियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से आदिवासी समाज और जयस संगठन में भारी आक्रोश है. इसी को लेकर जयस संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की. गौरतलब है कि हंडिया तहसील के छह पटवारियों पर आरोप है कि उन्होंने मिलीभगत कर आदिवासियों की जमीन दबंग किसानों के नाम दर्ज कर दी थी. मामले की शिकायत सामने आने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर सभी संबंधित पटवारियों को आरोपी बनाया था. लंबे समय तक फरार रहने के बाद सभी आरोपी पटवारी जमानत लेने में सफल हो गए. आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण आज तक दोषी कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई नहीं की गई. वहीं निलंबित आरोपी कर्मचारी बिना कार्य किए 90 प्रतिशत वेतन प्राप्त कर रहे हैं, जिससे शासन को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. ग्रामीण क्षेत्रों में कर्मचारियों की कमी के कारण राजस्व और अन्य प्रशासनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं. जयस संगठन ने आरोप लगाया कि दोषी कर्मचारियों को बचाने के लिए जानबूझकर मामले को लंबा खींचा जा रहा है. संगठन ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पटवारी और संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि आदिवासी समाज को न्याय मिल सके. ज्ञापन सौंपने वालों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा.

### हरदा पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश शुरू

**हरदा, 19 मई.** 10वीं के बाद इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देख रहे विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है. शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है. कॉलेज में सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग शाखाओं में प्रवेश दिए जाएंगे. इसके लिए कॉलेज में फ्री ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसकी तिथि 29 मई रात 11:45 बजे तक निर्धारित की गई है. प्राचार्य अभिरुचि सिंह ने बताया कि किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे. उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत अब पॉलिटेक्निक डिप्लोमा को 12वीं के समकक्ष मान्यता भी प्राप्त होगी, जो विद्यार्थी 12वीं उत्तीर्ण या आईटीआई कर चुके हैं, उन्हें सीधे डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में प्रवेश दिया जाएगा. इससे विद्यार्थियों का समय बचेगा और वे जल्दी अपने करियर की दिशा तय कर सकेंगे. कॉलेज प्रबंधन के टीपीओ विकास भूमरकर ने बताया कि महाविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड भी लगातार बेहतर रहा है. विभिन्न कंपनियां समय-समय पर कैंपस प्लेसमेंट के लिए कॉलेज पहुंचती हैं. छात्राओं के लिए एआईसीटीई की अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की 'प्रतिभा योजना' के तहत चयनित छात्राओं को प्रतिवर्ष 50 हजार रुपए तक की छात्रवृत्ति मिलेगी. वहीं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 'सक्षम छात्रवृत्ति योजना' और माता-पिता विहीन विद्यार्थियों के लिए 'स्वनाथ छात्रवृत्ति योजना' भी संचालित की जा रही हैं. विद्यार्थी 2 जून तक चॉइस फिलिंग कर सकेंगे. मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया 8 से 13 जून तक शाम 6:30 बजे तक चलेगी. कॉलेज परिसर में भी ऑनलाइन फ्री रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था है.

# पिपरिया फायरिंग केस में फरार हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**नर्मदापुरम, 19 मई. पिपरिया में व्यापारी सचिन जायसवाल की सचिन इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान पर हुई अंधाधुंध फायरिंग और 5 लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. इस घटना में फरार चल रहा मुख्य आरोपी संजू उर्फ संजय ओमकार को गिरफ्तार कर लिया गया है.**

15 मई को दो बदमाश दुकान पर पहुंचे थे. इनमें से एक ने दुकान के अंदर जाकर गुलाबी रंग की पर्ची दी, जिसमें रज्जू पुर्विया की तरफ से गिफ्ट लिखकर 5 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी.

इसके बाद बाहर निकलकर बदमाशों ने पिस्टल से फायरिंग की, जो शुरुआत में मिसफायर हो गई. बाद में जब फरियादी थाने रिपोर्ट करने जा रहा था, तब आरोपियो ने फिर से तीन राउंड फायर किए. इस मामले में थाना पिपरिया में केस दर्ज किया गया है. पुलिस ने इस मामले में पहले ही 18 मई को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था.

वहीं मुख्य फरार आरोपी संजू उर्फ संजय ओमकार (उम्र 30 वर्ष, निवासी दुर्गा नगर कोलार, भोपाल) को 19 मई 2026 को गिरफ्तार किया गया.

### आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड

पकड़ा गया आरोपी भोपाल का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है और कमला नगर थाना क्षेत्र में दर्ज अपहरण सहित अन्य गंभीर मामलो में भी वांछित था, जहां से वह करीब एक साल से फरार चल रहा था. इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी सहित थाना पिपरिया पुलिस टीम की महत्वपर्ण भूमिका रही.

### नकदी और मोबाइल ले उड़े चोर

**नर्मदापुरम, 19 मई.** देहात थाना क्षेत्र के सांवलखेड़ा में एक शराब दुकान में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है. चोर दुकान के पीछे लगे टीन शेड को उखाड़कर अंदर घुसे और नकदी, मोबाइल फोन और शराब की बोतलें लेकर फरार हो गए. सबसे हैरानी की बात यह रही कि जिस समय चोरी हुई, उस वक्त दुकान के अंदर चार कर्मचारी मौजूद थे, जो सो रहे थे. उन्हें किसी भी तरह की हलचल या चोरों के आने की भनक तक नहीं लगी.
घटना का पता तब चला जब सुबह करीब 4:30 बजे एक कर्मचारी की नींद खुली और उसने अपना मोबाइल गायब पाया. इसके बाद अन्य साथियों को जगाया गया तो एक और मोबाइल गायब मिला. जांच के दौरान दुकान के बाहर नहर के पास चारों कर्मचारियों के बैग मिले, जिनमें सामान बिखरा हुआ था. गल्ले से निकाले गए 39 हजार रुपये, दो मोबाइल फोन और 5 बियर की बोतलें चोरी हो चुकी थीं. पुलिस जांच में सामने आया कि चोर पीछे लगे टीन शेड के नट खोलकर दुकान के अंदर दाखिल हुए थे. देहात थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा.

# इकलानी नहर में नहाने गया किशोर लापता, सर्चिंग जारी

**सिवनी मालवा 19 मई.**
**सिवनी मालवा तहसील के ग्राम इकलानी में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई. ग्राम गाजनपुर निवासी 16 वर्षीय शिवा मालवीय अपने दोस्तों के साथ इकलानी नहर में नहाने गया था, जहां वह अचानक गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव में बहकर लापता हो गया.**

जानकारी के अनुसार शिवा मालवीय मंगलवार दोपहर अपने कुछ मित्रों के साथ इकलानी नहर पर नहाने पहुंचा था. नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया. साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी का बहाव अधिक होने के कारण वह कुछ ही पलों में नजरों से ओझल हो गया. घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से नहर में उसकी तलाश शुरू की गई. काफी देर तक खोजबीन के बावजूद जब शिवा का कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने डायल 112 को सूचना दी. आरक्षक सुनील जाट मौके पर पहुंचे. पुलिस ने सर्चिंग अभियान शुरू कराया गया.

**इनका कहना है.**

इस संबंध में थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया है, जो नहर में सर्चिंग अभियान चलाएगी. इसके साथ ही स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से भी किशोर की तलाश जारी है.

# नगर पालिका कर्मचारियों पर हमला

**4 कर्मचारी घायल, मामला दर्ज**

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 19 मई. सब्जी बाजार क्षेत्र में सोमवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब साप्ताहिक वसूली के लिए पहुंचे नगर पालिका कर्मचारियों पर कथित रूप से लहसुन-प्याज का ठेला लगाने वाले तीन भाइयों ने हमला कर दिया.**

आरोपियों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए चाकू और तोल कांटे के लोहे के बाट से हमला कर दिया, जिसमें चार कर्मचारी घायल हो गए. घटना के बाद सभी घायल कर्मचारी सिवनी मालवा थाने पहुंचे, जहां आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई. पालिका कर्मचारी अमन रघुवंशी अपने साथियों के साथ सोमवार शाम सब्जी बाजार क्षेत्र में साप्ताहिक वसूली के लिए पहुंचे थे. गणेश मंदिर के सामने शेख सोहेल और शेख समीर लहसुन-प्याज का ठेला लगाए हुए थे. इसी दौरान कर्मचारियों ने उनसे वसूली रसीद कटवाने की बात कही. आरोप है कि इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया. कर्मचारियों के मुताबिक शेख सोहेल ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर शेख सोहेल और उसका भाई शेख समीर मारपीट पर उतर आए. इसी बीच उन्होंने अपने भाई शेख साहिल को भी मौके पर बुला लिया और तीनों ने मिलकर कर्मचारियों पर हमला कर दिया.

घायलों ने बताया कि शेख साहिल ने चाकू से हमला करते हुए सुशील गोहर के चेहरे पर वार किया, जिससे उनके बाएं गाल पर गंभीर चोट आई. वहीं प्रशांत राठौर के गले और सीने पर चाकू से हमला किया गया. संस्कार राठौर के बाएं हाथ में चाकू लगने से वह घायल हो गए. इसके अलावा शेख समीर ने तोल कांटे का लोहे का बाट उठाकर सतीष गोहर के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें भी चोट आई. थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारियों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है. जांच की जा रही है.

### यूनियन ने ज्ञापन सौंपा, सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग

सिवनी मालवा तहसील कार्यालय में अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार पी.एस. सलामे को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में नगर पालिका कर्मचारियों पर हुए हमले की घटना की निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की. यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए कर्मचारियों को भविष्य में वसूली कार्य करने पर जान से मारने की धमकी भी दी. संगठन ने मामले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की प्रासंगिक धाराएं जोड़ने की मांग की है. ज्ञापन में प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई करने, नगर पालिका कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की गई.

# महिलाओं को साड़ी, बच्चों को कपड़े वितरित

**समाजसेवियों की पहल**

**सिवनी मालवा ,19 मई. क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य गांवों में उस समय खुशी का माहौल देखने को मिला, जब पार्षद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी दीपक दीक्षित और आनंद कुशवाहा अपनी टीम के साथ लहीं, सामरधा, कामठा सहित ग्रामीण इलाकों में पहुंचे. टीम ने जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियां तथा बच्चों को कपड़े, चॉकलेट और बिस्किट वितरित किए.**

गांव में समाजसेवियों के पहुंचते ही बच्चों में उत्साह देखने को मिला. कपड़े हाथ में आते ही कई बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखर गई, वहीं चॉकलेट और बिस्किट पाकर छोटे-छोटे बच्चे खुशी से झूम उठे. ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी के इस मौसम में बच्चों के लिए यह उपहार किसी त्योहार से कम नहीं हैं. समाजसेवी दीपक दीक्षित ने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक मदद पहुंचाना ही उनका उद्देश्य है. उन्होंने कहा कि बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना सबसे बड़ी खुशी है, क्योंकि यही बच्चे देश का भविष्य हैं. आनंद कुशवाहा ने ग्रामीणों से चर्चा कर बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया. उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के लिए ऐसे सेवा कार्य आगे भी लगातार जारी रहेंगे. इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सागर पाल ने भी बच्चों को कपड़े वितरित किए. उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और जरूरतमंदों की सहायता करना सबसे बड़ी सेवा है.

### दवा विक्रेता का आज बंद रखेंगे स्टोर्स

**नर्मदापुरम, 19 मई.** देशभर के साथ ही नर्मदापुरम में भी दवा विक्रेताओं के शीर्ष संगठन ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने 20 मई बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद की घोषणा की है. संगठन का कहना है कि ऑनलाइन फार्मेसी की अनियंत्रित कार्यप्रणाली और बड़े कॉरपोरेट्स द्वारा की जा रही शोषणकारी मूल्य नीति के खिलाफ यह कदम उठाया जा रहा है. संगठन का आरोप है

# जन औषधि केंद्र और अस्पताल फार्मेसी आज खुली रहेंगी

**बंद से केवल निजी केमिस्ट दुकानें प्रभावित होंगी**

**हरदा,** मध्य प्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा 20 मई को औषधि विक्रय संस्थानों के बंद का आह्वान किया गया है. इसे लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने आम जनता के लिए आवश्यक सूचना जारी की है. बंद के दौरान आम जनता को आवश्यक दवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, प्राइवेट हॉस्पिटल में संचालित औषधि फार्मेसी, सभी सरकारी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्र में संचालित फार्मेसी खुली रहेंगी. संयुक्त नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्य प्रदेश ने आम जनता से अनुरोध किया है कि आवश्यक दवाइयां इन केंद्रों से प्राप्त की जा सकती हैं.

**रोजगार** | **महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल बनीं गांवों की महिलाएं**

# होम स्टे से ग्रामीण पर्यटन को मिल रही नई पहचान



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 19 मई. नर्मदापुरम जिले में ग्रामीण महिलाएं अब आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रही हैं. एक जिला एक उत्पाद पहल के तहत मध्यप्रदेश टूरिज्म और जिला प्रशासन द्वारा संचालित होम स्टे योजना ने गांवों की महिलाओं को रोजगार, सम्मान और पहचान दिलाने का प्रभावी माध्यम बनाया है.**

जिले के पर्यटन ग्राम छेड़का, ढावा और उरदौन में महिलाएं अब केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि होम स्टे संचालन की जिम्मेदारी संभालकर आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं. कई होम स्टे महिलाओं के नाम से पंजीकृत हैं और उनका संपूर्ण संचालन महिलाएं स्वयं कर रही हैं. गांव की रेवती जैसी महिलाएं अपने परिवार की आय बढ़ाने के साथ-साथ गांव की संस्कृति, पारंपरिक खानपान और स्थानीय आतिथ्य को पर्यटकों तक पहुंचा रही हैं. इससे ग्रामीण पर्यटन को नई पहचान मिल रही है और गांवों की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है.

### आत्मविश्वास बढ़ा

होम स्टे योजना ने महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास किया है. अब वे डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन बुकिंग और पर्यटकों से संवाद जैसी आधुनिक व्यवस्थाओं को भी सहजता से संभाल रही हैं. यह पहल महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और पर्यटन संवर्धन का एक सफल मॉडल बनकर उभर रही है, जो अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकती है.

### अवैध शराब बेचने और संग्रहण के 8 मामले दर्ज

**हरदा, 19 मई.** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी दल ने शराब के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की. जिला आबकारी अधिकारी भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने जिले के टंकी मोहल्ला, बैरागढ़, ग्राम कायागांव, रहटगांव, पानतलाई, भांजे का ढाबा उड़ा, राजपूत ढाबा हरदा, पंचतारा ढाबा हरा में दबिश दी. दबिश के दौरान कुल 26 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 2 बोतल व एक केन बियर एवं 450 किलो महुआ लाहन जब्त कर कुल 8 प्रकरण दर्ज किये. जब्त माल का अनुमानित बाजार मूल्य 50 700 रुपए है.

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं की कार खंभे से टकराई

**6 कार्यकर्ता घायल, तीन की हालत गंभीर, जिला चिकित्सालय रेफर किया**

**सिवनी मालवा 19 मई.**
**सिवनी मालवा के हरदा-नर्मदापुरम मुख्य मार्ग पर बड़ी नहर के पास सोमवार शाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं की एक कार सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई. हादसे में वाहन में सवार 6 कार्यकर्ता घायल हो गए, जिनमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है.**

कार्यकर्ता हरदा में आयोजित विद्यार्थी परिषद के अभ्यास वर्ग से लौट रहे थे. इस दौरान वाहन अनियंत्रित होकर खंभे से जा टकराया. वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को वाहन से बाहर निकाला. घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची, वहीं कुछ घायलों को निजी वाहनों से सिवनी मालवा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया.

सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने तीन कार्यकर्ताओं की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया. हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल में विद्यार्थी परिषद के दर्जनों कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारी पहुंच गए.

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि घायल सभी कार्यकर्ता मंडीदीप निवासी हैं और हरदा में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अभ्यास वर्ग में शामिल होने गए थे. कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी कार्यकर्ता वापस मंडीदीप लौट रहे थे. इसी दौरान बड़ी नहर के पास अचानक सामने आए एक दोपहिया वाहन चालक को बचाने के प्रयास में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार बिजली के खंभे से जा टकराई. हादसे में विनोद, धनंजय, प्राची, आशा, संस्कार तथा प्रशांत सहित अन्य कार्यकर्ता घायल हुए हैं. सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया.